# बिहार विधान परिषद

(200वां बजट सत्र)

## 29 मार्च, 2022

----

**[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].**

**कुल प्रश्न 33**

----

### ऋण की राशि

***296 श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्ववर्ती बिहार राज्य विद्युत बोर्ड तथा दिनांक 01.11.2012 से पुनर्गठित पांच कम्पनियों यथा बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कम्पनी लिमिटेड, नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, बिहार स्टेट पावर ट्रांन्समिशन कम्पनी लिमिटेड एवं बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कम्पनी लिमिटेड पर वित्तीय वर्ष 2019-20 तक कुल राशि 14493.31 करोड़ रुपये ऋण एवं अग्रिम के मद में बकाया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बताएगी कि वित्तीय वर्ष 2019-20 तक उक्त कंपनियों को कुल राशि 14493.31 करोड़ रुपये में से वर्षवार कितनी-कितनी राशि ऋण एवं अग्रिम के मद में दी गई तथा दी गई राशि के विरुद्ध कितनी राशि कंपनियों से सूद सहित वापस ली गई है, यदि कंपनियों द्वारा ऋण की राशि सूद सहित अभी तक लौटायी नहीं गई है तो कबतक सूद सहित वसूलना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

----

### भवन का निर्माण

***384 डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सूबे के सभी परिवार न्यायालयों के साथ-साथ अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी कार्यालय के प्रांगण में महिलाओं को अपने तथा अपने बच्चों/शिशुओं की देखभाल हेतु दिन भर की अदालती प्रक्रिया के क्रम में अलग से कोई भवन निर्मित नहीं है, जिसके कारण वो सहजतापूर्वक सुरक्षित महसूस नहीं कर पाती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार महिलाओं के लिए अलग से विशेष कक्ष/भवन का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## राशि अनुदान

***385 श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा)ः**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना शुरू की गयी है, जिसके तहत नया उद्योग लगाने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये की राशि दी जाती है, जिसमें से 5 लाख अनुदान के रूप में और बाकी 5 लाख ऋण के रूप में 1 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराई जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि पूर्व में यह योजना अनुसूचित जाति एवं पिछड़े वर्गों के लिए चलायी जा रही थी, बहुत सारे युवाओं ने उद्यमिता की इस योजना का लाभ उठाया है, उनको उद्यम लगाने और उसे चलाने के क्रम में बहुत सारी कठिनाइयां आई होंगी और सरकार को भी इसका अनुभव प्राप्त हुआ होगा, कुछ उद्यम सफल भी हो रहे होंगे;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उद्यमिता की संस्कृति के निर्माण के लिए जितनी राशि अनुदान के रूप में दे रही है उसको एक्विटी (EQUITY) में बदलने का विचार रखती है?

----

## मुआवजा की राशि का भुगतान

***386 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा)ः**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत दरियापुर प्रखण्ड के ग्राम- बिसाही,

थाना- दरियापुर, पो.- मस्तीचक, जिला- सारण की निवासी श्रीमती राधा देवी, पति- श्री सिकन्दर राय की मृत्यु दिनांक- 20.05.2021 को कोविड- 19 के कारण नालन्दा मेडिकल कॉलेज अस्पताल, पटना में हो गई;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. राधा देवी के पति- श्री सिकन्दर राय द्वारा मुआवजा से संबंधित आवेदन सभी कागजातों को संलग्न करते हुए दिनांक- 02.10.2021 को सिविल सर्जन-सह-सचिव जिला स्वास्थ्य समिति (सारण) को प्राप्त करा दी गई है;

(ग) क्या यह सही है कि स्व. राधा देवी के पति- श्री सिकन्दर राय एक गरीब किसान हैं तथा उनको छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) क्या यह सही है कि चार महीना गुजर जाने के बाद भी सरकार द्वारा घोषित मुआवजा अबतक पीडिता के पति को प्राप्त नहीं हो पाया है;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. राधा देवी के पति- श्री सिकन्दर राय को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषित मुआवजा की राशि यथाशीघ्र भुगतान करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## निर्माण कबतक

***387 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि 'हर घर नल का जल' सात निश्चय योजना की बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए गांवों तथा शहरों की सड़कों को तोड़ा जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त योजना के लिए तोड़ी गई सड़कों का पुनर्निर्माण नहीं कराया जा रहा है जिससे लोगों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तोड़ी गई सभी सड़क का निर्माण यथाशीघ्र कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## समता में वृद्धि

***388 मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत चिरैया प्रखंड खड़तरी वार्ड नं.-7, बहादुर साह के घर के समीप 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिससे वार्ड नं.-7, 8, 11 एवं 14 के उपभोक्ताओं को ऊर्जा आपूर्ति की जाती है;

(ख) क्या यह सही है कि इतने अधिक उपभोक्ताओं का लोड एक ही ट्रांसफार्मर पर होने के कारण लो वोल्टेज की काफी समस्या होती है जिसके कारण लोग परेशान होते हैं;

(ग) क्या यह सही है कि लो वोल्टेज के कारण बिजली उपकरण हमेशा खराब रहने की शिकायत इन वार्डों में है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने हेतु एक या दो वार्ड पर एक ट्रांसफार्मर देना चाहती है अथवा इस ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि करना चाहती है ताकि लो वोल्टेज की समस्या दूर हो सके ?

----

## अग्रसर कार्रवाई

***389 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में विभिन्न सरकारी अस्पताल में कार्यरत एएनएम कर्मी के जिला स्थानांतरण हेतु एप के माध्यम से ऐच्छिक चार जिला विकल्प का ऑनलाइन अभ्यावेदन मांगा गया था;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सदन के माध्यम से ऐच्छिक विकल्प के आधार पर जिला स्थानांतरण की दिशा में अग्रसर कार्रवाई से अवगत कराने पर विचार करती है, नहीं तो क्यों?

----

## रिक्त पदों पर नियुक्ति

***390 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग के विभागीय पत्रांक- 825 (4) दिनांक 21.09.2020 पत्रांक- 1133 (4) दिनांक 31.12.2020, पत्रांक- 1087 (4) दिनांक 18.12.2020 एवं पत्रांक- 1088 (4) दिनांक 18.12.2020 द्वारा तकनीकी सेवा आयोग बिहार, पटना को पारामेडिकल कर्मियों के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचित पत्र भेजा गया था;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अस्पतालों में फार्मासिस्ट के 1539, एक्स-रे टेक्नीशियन के 803, शल्य कक्ष सहायक के 1096 ई०सी०जी० टेक्नीशियन के 163, प्रयोगशाला प्रावैधिक के 1772, परिधापक के 1069 तथा ANM के 10,505 पद काफी लम्बे समय से रिक्त है ;

(ग) क्या यह सही है कि पारामेडिकल कर्मियों के स्वीकृत पद 1069 एवं ANM के 10,505 पद रिक्त है तथा जी०एन०एम की नियुक्ति वर्ष 2019-20 से लम्बित है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार रिक्त पदों पर नियुक्ति करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बिजली की आपूर्ति

***391 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना- 26 भूतनाथ रोड स्थित जय प्रकाश नगर, अमरनाथ मंदिर रोड में बिहार विधान परिषद् आवासीय कॉलोनी है;

(ख) क्या यह सही है कि कॉलोनी में विद्युत का पोल सीमेन्ट का है जो बिल्कुल टूटा हुआ है तथा पूर्णतः झुका हुआ है एवं मकान से सट गया है, जिसके कारण कभी भी आकास्मिक घटना घटने की सम्भावना है ;

(ग) क्या यह सही है कि वस्तुस्थिति की जानकारी स्थानीय पदाधिकारी को विगत दो वर्षों से दी जा रही है, साथ ही वरीय तथा कनीय पदाधिकारी द्वारा स्थल निरीक्षण भी किया जा चुका है परन्तु कोरा आश्वासन के अलावे अब तक कुछ नहीं किया गया है;

(घ) यदि उपर्युकत खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कब तक पोल बदलकर बिजली आपूर्ति सुचारू ढंग से की जाएगी?

----

## बोर्ड का गठन

***392 डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि खान एवं भू-तत्व विभाग, बिहार के पत्रांक- 637/ एम दिनांक- 13.09.1966 द्वारा पौट्री कार्य के लिए उपर्युक्त जमीन आरक्षण के संबंध में जनवरी, 1976 में बिहार गजट प्रकाशित किया गया था तथा इसके आलोक में उद्योग निदेशक, बिहार के पत्रांक- 10834, दिनांक- 13.05.1978 द्वारा सभी जिलाधिकारी को कुम्हार जहां से, परम्परा से मिट्टी, बालू, पानी आदि लेते आ रहे हैं, उसे चकबंदी की परिधि से मुक्त कर दिया जाय और यदि कोई भूखण्ड को जहां से कुम्हार मिट्टी, बालू, पानी लेते आ रहे थे, उसे अंचलाधिकारियों ने किसी गैर के साथ बंदोबस्त किया हो तो उसे आदेश के आलोक में रद्द किया जाय और उसे स्थानीय कुम्हारों के लिए आरक्षित कर दिया जाय, निर्देश दिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' के निर्देश का पालन सभी जिलाधिकारियों ने किया है;

(ग) क्या यह सही है कि वायु, जल प्रदूषण रहित मिट्टी के उत्पाद यथा- देवी-देवताओं की मूर्तियां, खिलौने, सुराही, हड़िया, घड़ा, कड़ाही, प्याली आदि की मांग आदिकाल से लेकर आजतक होने के चलते झारखंड, मध्यप्रदेश, हरियाणा, छतीसगढ़, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, पंजाब सहित कई राज्यों में माटी कला बोर्ड का गठन किया जा चुका है परंतु बिहार राज्य में अभी तक माटी कला बोर्ड के गठन एवं इसके मूल्याकन के लिए त्रिसदस्यीय समिति का ही गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट चार महीने में भी अप्राप्त है;

(घ) क्या यह सही है कि राज्य में माटी कला बोर्ड के गठन से माटी कला उद्योग को बढ़ावा मिलेगा और लाखों बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा और वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण के रोकथाम में बढ़ावा मिलेगा तथा विरासत में मिला माटी कला उद्योग सतत चलता रहेगा;

(ङ.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार माटी कला उद्योग को बढ़ावा देने और लाखों बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने, मानव की स्वास्थ्यरक्षा में करोड़ों रुपये की बचत हेतु इसी वित्तीय वर्ष- 2021-22 में ही बिहार राज्य माटी कला बोर्ड का गठन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जल की आपूर्ति

*393 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय जिला के सूर्यगढ़ा प्रखंड अन्तर्गत लोशघानी पंचायत में करोड़ों की लागत से जलमीनार का निर्माण किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जलमीनार से वार्ड नं.- 4, 9, 11, 12 में पाइप जर्जर रहने के कारण ग्रामीणों को जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है;

(ग) क्या यह सही है कि पंप आपरेटर ठीकेदार द्वारा नियुक्त हैं, जो प्रायः अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित रहते हैं, जिसके कारण जल की आपूर्ति ग्रामीणों को नहीं हो पाती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जर्जर पाइप को बदलते हुए ग्रामीणों को जल की आपूर्ति निर्बाध रूप से कराना चाहती है?

----

## सरकारी भूमि पर निर्माण

***394 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत परबलपुर प्रखंड के किरतीपुर गांव में शिव मंदिर (ठाकुरबाड़ी) की जमीन जिसका खाता नं.- 68, प्लॉट नं.- 210 है पर अवैध रूप से आंगनबाड़ी भवन का निर्माण कराया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त भवन के निर्माण के लिए गांव के दूसरे हिस्से में भी पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है, लेकिन जानबूझकर वर्तमान मुखिया द्वारा ठाकुरबाड़ी की जमीन पर ही भवन का निर्माण कराया जा रहा है जिससे महादलित परिवार के लोगों में काफी आक्रोश है;

(ग) क्या यह सही है कि इसकी जानकारी ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी, परबलपुर को भी दिया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किए जाने से अनवरत निर्माण कार्य जारी है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त भवन के कार्य को रोकते हुए गांव के दूसरे हिस्से में स्थित सरकारी भूमि पर निर्माण कराना चाहती है?

----

## भुगतान की व्यवस्था

***395 डा. वीरेन्द्र नारायण यादव (स्नातक सारण):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गन्ना उद्योग विभागों ईख की 10 किस्म की दर 210 रु. प्रति क्विंटल निर्धारित की है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो किसानों को 210 रु. की दर से भुगतान कराने की व्यवस्था सरकार करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## निबंधित करने पर विचार

*396 **श्री संजय सिंह (मनोनीत):**

क्या **विधि** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा निबंधित और अनिबंधित मठ-मन्दिर ही हजारों एकड़ परिसम्पत्तियां भागलपुर जिला सहित पूरे राज्य में अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित सम्पत्तियों की पैमाइश एवं खूंटागड़ी कराकर मठ-मन्दिर के नाम से निबंधित कराना है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा चिन्ह्ति मठ-मन्दिर की हजारों एकड़ परिसम्पत्तियों की पैमाइश एवं खूंटागड़ी कराकर निबंधित कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## जांच कराने पर विचार

*397 **श्री भीसम साहनी (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि BMSICL के द्वारा निर्मित बगहा अनुमंडल अस्पताल में MOTHER NEW BORN CARE UNIT का निर्माण किया जा रहा है, जिसमें घटिया से घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी शिकायत अनुमंडलीय पदाधिकारी एवं जिला पदाधिकारी को की जा चुकी है ;

(ख) क्या यह सही है कि BMSICL द्वारा मोर्चरी भवन (शवगृह) का निर्माण 4 वर्ष पूर्व कराया गा था जो आज तक बंद है, जिससे मृतकों के शव को रखने तथा पोस्टमार्टम करने में काफी कठिनाई होती है;

(ग) क्या यह सही है कि ANM SCHOOL का निर्माण बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया है, जिसकी गुणवत्ता निम्न स्तर की है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उनकी जांच करायेगी, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अनुदान राशि का भुगतान

*398 **श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सोहन कुआं, मुरारपुर, पोस्ट– बिहारशरीफ, थाना- लहेरी के अजय कुमार उर्फ मुकेश कुमार की मृत्यु कोविड- 19 के कारण, दिनांक- 03.05.2021 को इलाज के क्रम में सदर अस्पताल, नालंदा, बिहारशरीफ में हो गयी;

(ख) क्या यह सही है कि स्व. अजय कुमार उर्फ मुकेश कुमार की मृत्यु के पश्चात् उनकी पत्नी मोस्मात संगीता देवी एवं आश्रित तीन बच्चों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गई है;

(ग) क्या यह सही है कि मोस्मात संगीता देवी को तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं और उनके पति की मृत्यु के बाद घर में दो जून की रोटी के लिए वे लोग मोहताज हो गए हैं;

(घ) क्या यह सही है कि आवेदिका मोस्मात संगीता देवी के द्वारा सभी कागजातों को संलग्न करते हुए सरकार द्वारा दी जाने वाले अनुग्रह अनुदान हेतु आवेदन छः माह पूर्व सिविल सर्जन (नालन्दा) जिलाअधिकारी, नालंदा एवं अंचलाधिकारी, बिहारशरीफ (नालंदा) को दिया गया है;

(ड़) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मोस्मात संगीता देवी को चार लाख रुपये की अनुदान राशि यथाशीघ्र देना चाहती है, ताकि अपने साथ वे छोटे-छोटे तीन बच्चों की परवरिश कर सकें, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## हस्तांतरण पर विचार

*399 **श्री अर्जुन सहनी (विधान सभा):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के ज्ञापांक संख्या – म०/बैठक 3/97-445, दिनांक- 04.03.2002 के द्वारा राज्य के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को पत्र लिखा गया कि भवन विभाग के नियंत्रणाधीन जलकरों/जलाशयों को पशु एवं मत्स्य विभाग में हस्तांतरित किया जाय;

(ख) क्या यह सही है कि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के नियंत्रणाधीन जलकर/जलाशय हैं;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सरकार लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के नियंत्रणाधीन सभी जलकरों का हस्तांतरण पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग में करना चाहती है, अगर हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## उर्दू एकेडमी की स्थापना

*400 **श्री खालिद अनवर (विधान सभा)ः**

क्या **अल्पसंख्यक कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पूरे बिहार में अभी तक उर्दू एकेडमी स्थापित नहीं की गयी है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त एकेडमी के नहीं रहने के कारण उर्दू भाषियों को पठन-पाठन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूरे बिहार में उर्दू एकेडमी स्थापित करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

*401 **डा. प्रमोद कुमार (मनोनीत)ः**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार हर इच्छुक आवेदनकर्ता को आवेदन के 48 से 72 घंटे के भीतर विद्युत कनेक्शन देने के लिए दृढ़ संकल्पित है;

(ख) क्या यह सही है कि रोहतास जिला के काराकाट प्रखंड के मोका ग्राम निवासी श्रीमती मीना देवी, आवेदन सं०- 52346306122, दिनांक- 16.11.2021 एवं श्री आलोक कुमार, आवेदन सं०- 52346330811, दिनांक- 19.11.2021 तथा ग्राम- जमुआं निवासी श्री

आशुतोष सिंह, आवेदन सं०- 52346093542, दिनांक- 16.10.2021 द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए कनीय अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रशाखा काराकाट, रोहतास के कार्यालय में विद्युत आपूर्ति के लिए आवेदन देने के बावजूद इन्हें अबतक कनेक्शन नहीं दिया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खण्ड (ख) में वर्णित आवेदनकर्ता को विद्युत कनेक्शन अब तक नहीं प्रदान करने वाले पदाधिकारी को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई पर विचार

***402 श्री गुलाम रसूल (विधान सभा):**

क्या **अल्पसंख्यक कल्याण** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सासाराम नगर पालिका अन्तर्गत वर्तमान वार्ड सं०- 35 के मुहल्ला- नुरनगंज नगरपालिका सर्वे वार्ड सं०- 07 में किस्म-भीठ कब्रिस्तान की वक्फ बाई यूजर (खाता- 615, खेसरा- 1038) संपत्ति है;

(ख) क्या यह सही है कि बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधीन आनेवाले उक्त कब्रिस्तान को रोहतास जिला औकाफ समिति के सचिव नौशाद अली खान, पति- स्व० अमानतुल्लाह खान, निवासी- शाहजुमा, सासाराम एवं अन्य द्वारा बेच दिया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि वक्फ की संपत्ति बेचे जाने की पुष्टि मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार राज्य सुन्नी वक्फ बोर्ड के (पत्रांक/ज्ञापांक- 677, दिनांक- 03.03.2022) के द्वारा भी होता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वक्फ अधिनियम- 1995 की धारा- 52 ए के अन्तर्गत वक्फ की संपत्ति बेचने वाले के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए वक्फ बाई यूजर संपत्ति को शीघ्र ही कब्रिस्तान को वापस लौटाने संबंधी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## पेयजल की व्यवस्था

***403 श्रीमती निवेदिता सिंह (मनोनीत):**

क्या **लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि रोहतास जिला के सासाराम शहर में पेयजल की आपूर्ति में

भारी अनियमितता एवं लापरवाही बरते जाने के कारण नागरिकों को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति में कोताही बरती जा रही है;

(ख) क्या यह सही है कि गंदा पेयजल, कम समय तक आपूर्ति, जगह-जगह पाइप टूटने से गंदा नाली के पानी के साथ इसके संपर्क आदि की शिकायतें स्थानीय नागरिकों द्वारा विभाग के अधिकारियों को की गई हैं परन्तु शिकायत निवारण की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि पर्याप्त शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने में अधिकारियों की कोई दिलचस्पी नहीं है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम में शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पेयजल नागरिकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित कराना चाहती है और कोताही बरतने वाले अधिकारियों की लापरवाही की जांच कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## राजस्व क्षति के मामले में कार्रवाई

*404 **डा. संजीव कुमार सिंह (कोशी शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि पुराने सरकारी भवन को तोड़े जाने के पश्चात् उसकी स्क्रैप सामग्रियों का निस्तारण निविदा के माध्यम से ही किये जाने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल पूर्णिया परिसर स्थित पुराने भवनों के तोड़े जाने तथा वहां नये भवन बनाये जाने की कवायद जारी है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नांकित पुराने भवनों की स्क्रैप सामग्रियों का प्रावधानानुसार निविदा के माध्यम से निस्तारण नहीं कर राजस्व क्षति के मामले में कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?

----

## विचार कबतक

*405 **श्री सर्वेश कुमार (स्नातक दरभंगा):**

क्या **उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार में कई इथनॉल प्लांट लग रहे हैं जिसमें मक्का और टूटे हुए चावल से इथनॉल के उत्पादन के क्रम में ड्राइड डिस्टिलर्स ग्रेन (डी.डी.जी.) का भी उत्पादन होता है;

(ख) क्या यह सही है कि डी.डी.जी. का उपयोग आमतौर पर प्रोटीनयुक्त पशु आहार के रूप में किया जाता है, इथनॉल के उत्पादन के बाद उसके अवशेष डी.डी.जी. को हम पशुओं के चारे के रूप में उन्हें खिला सकते हैं, अधिक प्रोटीनयुक्त पशु आहार से पशुओं का स्वास्थ्य भी बेहतर हो सकेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी.डी.जी. से पशु आहार बनाने के लिए कोई योजना/स्पष्ट नीति लाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक और नहीं तो क्यों?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निर्माण

***406 श्री सी.पी; सिन्हा उर्फ चन्देश्वर प्रसाद सिन्हा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सारण जिला अन्तर्गत एकमा विधान सभा के लहलादपुर में स्वास्थ्य केन्द्र है जो जर्जर स्थिति में है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र आस-पास के लोगों का एक मात्र स्वास्थ्य केन्द्र है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## संस्थानों की स्थापना

***407 श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में तकनीकी शिक्षा के अवसरों को और बढ़ाने एवं युवाओं को राज्य में ही तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु सात निश्चय योजना के तहत जिलों एवं अनुमंडलों में जी.एन.एम., ए.एन.एम., पारा मेडिकल नर्सिंग कॉलेजों की

स्थापना की जानी थी;

(ख) क्या यह सही है कि विभागीय निर्माण एजेन्सी चिकित्सा सेवाएं एवं आधारभूत संरचना निगम लि. पटना द्वारा कई जिलों एवं अनुमंडलों में संस्थानों की स्थापना हुई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार द्वारा अबतक जिलों एवं अनुमंडलों में कितने संस्थानों की स्थापना की गई है एवं कितने बाकी हैं ये सदन के माध्यम से अवगत कराने पर विचार करती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विचार कबतक

***408 श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सिविल सर्जन-सह-सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति, सारण ने अपने पत्रांक- 576 दिनांक- 03.03.2021 के द्वारा कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना को स्वर्गीय जयंत कुमार, प्रखंड लेखापाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरियापुर की मृत्यु दिनांक- 01.02.2021 को कोरोना बीमारी के कारण होने के फलस्वरूप चार लाख अनुग्रह अनुदान देने के संबंध में अनुरोध किया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य सरकार के द्वारा स्व. जयंत कुमार, प्रखंड लेखापाल, दरियापुर के आश्रित को अबतक उक्त निदेश के बावजूद अनुग्रह राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार स्व. जयंत कुमार, प्रखंड लेखापाल, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, दरियापुर के आश्रित को नियमानुसार चार लाख अनुग्रह अनुदान की राशि प्रदान करने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## चिकित्सकों की नियुक्ति

***409 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य में दंत चिकित्सकों के काफी पद रिक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पिछले कई वर्षों से दंत चिकित्सकों का पद रिक्त होने के बावजूद नियुक्ति नहीं की जा रही है जबकि कोरोना की महामारी में चिकित्सकों की भारी आवश्यकता है;

(ग) क्या यह सही है कि पटना स्थित एक मात्र सरकारी पटना डेन्टल कॉलेज एवं अस्पताल में शिक्षक एवं चिकित्सकों का घोर अभाव रहने के कारण मरीजों एवं छात्रों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में दंत चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति करके चिकित्सा एवं शिक्षा की सुविधा बहाल करने का विचार रखती है, यदि हां तक कबतक?

----

## आवश्यक व्यवस्था

*410 **मो. फारूक (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि शिवहर जिला के तरियानी छपरा रेफरल अस्पताल का भवन मरम्मती के अभाव में खंडहर बन चुका है, परिसर में बड़े-बड़े घास उग आए हैं और वर्षों से चिकित्सा सेवा बाधित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल में भवन, चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी, आवश्यक उपकरण, दवा इत्यादि की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त अस्पताल को सी.एच.सी. में उत्क्रमित किए जाने की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल को सी.एच.सी. में उत्क्रमित कर भवन निर्माण एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## बकाया राशि का भुगतान

*411 **श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **गन्ना उद्योग** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगे:-
क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पेराई सत्र 2021-22 में उत्तर प्रदेश स्थित प्रतापपुर एवं हाटा

चीनी मिल द्वारा 391.18 लाख क्विंटल गन्ना राज्य के गन्ना कृषकों से क्रय किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के गन्ना कृषकों को बकाया राशि 11317.77 लाख रु. का भुगतान अब तक प्रतापपुर एवं हाटा चीनी मिल द्वारा नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बकाया राशि का भुगतान गन्ना कृषकों को कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## आदेश का अनुपालन

***412 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि वित्त विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक- 2391 दिनांक- 26.03.2018 एवं अधिसूचना संख्या– 7630 दिनांक- 18.09.2019 के अनुसार सचिवालय एवं संलग्न कार्यालयों में GeM Portal पर सामग्रियों का क्रय एवं सेवाओं की अधिप्राप्ति कर दी गई है, बावजूद इसके कतिपय कार्यालयों में उपर्युक्त वर्णित आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अस्पतालों एवं कार्यालयों में उपर्युक्त आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराना चाहती है?

----

## प्रभार सौंपने पर विचार

***413 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना में निदेशक पद का कार्यकारी प्रभार देने में घोर अनियमितता हुई है तथा वित्त विभागीय परिपत्र संख्या- 4028, दिनांक- 07.05.2014 का अनुपालन नहीं हुआ है;

(ख) क्या यह सही है कि डॉ. विद्यानंद प्रसाद इन्दिरा गांधी हृदय रोग संस्थान, पटना में वरीयता के सभी मापदंडों में वरीयतम संयुक्त निदेशक हैं, जिनसे सभी मापदंडों में कनीयतम को कार्यकारी निदेशक पद का प्रभार सौंपा गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सभी मापदंडों में वरीयतम संयुक्त निदेशक डॉ. विद्यानंद प्रसाद को निदेशक पद का

कार्यकारी प्रभार सौंपने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## कार्रवाई कबतक

***414** **श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

क्या **स्वास्थ्य** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि रेड क्रॉस सोसायटी किशनगंज शाखा में अनियमितता हुई है;

(ख) क्या यह सही है कि अनियमितता के विरुद्ध लिखित शिकायत स्थानीय सांसद, स्थानीय विधायक एवं अन्य मा. विधायक किशनगंज के द्वारा किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि 7 अक्टूबर, 2021 को जिला पदाधिकारी, किशनगंज को शिकायत पत्र सौंपा गया था परन्तु अबतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार आवेदन में वर्णित तथ्यों के आलोक में जांचकर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं तो क्यों?

----

## आरोप से मुक्त

***415** **डा. समीर कुमार सिंह (विधान सभा):**

क्या **ऊर्जा** मन्त्री बतलाने की कृपा करेंगेः-
क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि श्री जयशंकर प्रसाद, सहायक विद्युत अभियंता, डी.आर.डब्लू., भभुआ (कैमूर) अतिरिक्त प्रभार डी.डी.जी. प्रोजेक्ट, रोहतास में दिनांक- 19.07.2017 से दिनांक- 05.10.2018 तक पदस्थापित थे;

(ख) क्या यह सही है कि श्री प्रसाद दिनांक- 23.08.2018 से 25.08.2018 तक C.L. में थे इसी बीच तबीयत अत्यधिक खराब होने के कारण 24.08.2018 से 04.09.2018 तक चिकित्सीय अवकाश पर चले गये, उसी बीच इन्होंने Medical C.L. 05.09.2018 से 04.10.2018 तक का दिया;

(ग) क्या यह सही है कि पत्रांक- 1778, दिनांक- 28.09.2018 द्वारा प्रबंध निदेशक, S.B.P.D.C.L. के द्वारा इन्हें अनुशासनहीनता बताकर निलंबित कर दिया, जबकि ये चिकित्सीय अवकाश पर थे, दिनांक- 07.03.2019 को Order No.- 1103 द्वारा इनका निलंबन वापस लेते हुए Posting विद्युत अंचल, जमुई की गई, इनके ऊपर कोई विभागीय

जांच नहीं चलाई गई;

(घ) क्या यह सही है कि श्री प्रसाद को निलंबन अवधि में जीवन निर्वहन भत्ता के अलावा कोई लाभ नहीं दिया गया, साथ ही चिकित्सीय अवकाश को अस्वीकृत करते हुए असाधारण अवकाश स्वीकृत किया गया जिससे इनकी सेवा में टूट हो गई;

(ड.) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार श्री प्रसाद का Medical अवकाश दिनांक- 23.08.2018 से दिनांक- 05.10.2018 तक स्वीकृत करने हुए आरोपमुक्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----